Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of sluice gates ifor water channel in Kushmari.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने शिवहर संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीतामढ़ी जिले के रीगा प्रखण्ड के कुशमारी में निर्माण होने वाले स्लूइस गेट्स की तरफ आकृष्ट कराना चाहती हूं । इन स्लूइस गेट्स का निर्माण कार्य पूरा न होने से दर्जनों गांवों की कृषि भूमि की सिंचाई समुचित ढंग से नहीं हो पा रही है । इस परियोजना की डी.पी.आर. स्वीकृति में केवल डिजाइन कार्य का पूरा न होना है । इस बात की जानकारी काफी प्रयासों के बाद भी नहीं मिल पाई है कि आखिर वर्षों से इसके डिजाइन कार्य में देरी क्यों हो रही है? इस कार्य के लम्बित होने से फसलों की बुवाई पर बुरा असर पड़ रहा है तथा इससे किसानों को मानसिक व आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कुशमारी के स्लूइस गेट्स के लम्बित डिजाइन कार्य को शीघ्र पूरा कराते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाए । इसमें यह बेहतर होगा कि इसमें हो रही देरी के कारणों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जाए ।

महोदय, मेरे दो-तीन पॉइंट्स और हैं, जिनके बारे में मैं बोलना चाहती हूं । मेरे क्षेत्र को भीषण बाढ़ से बचाव हेतु नेपाल सरकार से वार्ता कर जल प्रबंधन हेतु ठोस नीति बनाने और डैम बनाने की तैयारी की जाए । यह आग्रह कर रही हूं ।

महोदय, मैं एक और बात कहना चाहती हूं कि घाटे में चल रही रीगा चीनी मिल के बंद होने से बचाने में किसानों की बकाया राशि का भुगतान किया जाए । यह अति आवश्यक है ।

बहुत-बहुत धन्यवाद ।